RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 200 | TUESDAY 28-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



कर देंगे पूरी अभी, जो भी होगी मांग।
सिर्फ.जरा-सी लें हटा, अड़ा रखी जो टांग।
अड़ा रखी जो टांग, आप ने है यह करना।
खत्म करें हड़ताल, उठा लें अपना धरना।
कह साहिल कविराय, डिसीजन फिर हम लेंगे।
जो भी होगी मांग, शीघ्र पूरी कर देंगे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# पैसा देख लोगों का बदल रहा ईमान, प्रॉफिट के नाम पर करवाते है इन्वेस्टमेंट, परिवार आपस में मिलकर जानकारों को बनाते है शिकार

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। आज कल के समय में पैसा लोगों के लिए इतना जरूरी हो चुका है की लोग अपना ईमान तक दाव पर लगा रहे है। हालत ये है की परिवारों के परिवार इस ठगी के धंधे में शामिल हो चुके है। जिनकी और से किसी बाहरी को नहीं बल्कि अपने जानकारों को ही चुना लगा दिया जा रहा है। लुधियाना में प्रॉफिट की आड़ में ठगी करने का नया ट्रेंड शुरू हुआ है। जिसमें इस रिश्तेदारों की और से पहले अपने जानकारों से प्रॉफिट के नाम पर इन्वेस्टमेंट करवाई जाती है। जिसके बाद उनके साथ ठगी मार ली जाती है। ऐसे ही दो नए मामले लुधियाना में देखने को मिले है। जिसमें एक दो लाख नहीं बल्कि करोड़ों रुपए का फ्रॉड किया गया है। यह फ्रॉड किसी और ने नहीं बल्कि पति पत्नी तो किसी मामले में बाप बेटी ने मिलकर किया है। इसमें थाना बस्ती जोधेवाल और थाना दुगरी की पुलिस द्वारा कारवाही की गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में लेनदेन, निवेश से जुड़े दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## कंपनी में इन्वेस्ट के नाम पर बाप-बेटी ने मारी 3.10 करोड़ की ठगी

पहले मामले में दुगरी अरबन एस्टेट फेज दो में एक बाप और उसकी बेटी ने अपने जानकार को बड़ा प्रॉफिट कमाने का लालच देकर अपनी कंपनी में इन्वेस्टमेंट करवा दी। जिसके बाद ना तो पीड़ित को प्रोफिट दिया और ना ही पेमेंट वापस की। थाना दुगरी की पुलिस ने बीआरएस नगर के मंजीत सिंह की शिकायत पर दुगरी अरबन एस्टेट फेज दो के संजय अहूजा और हर्षिता आहूजा ल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। शिकायतकर्ता मनजीत सिंह ने आरोप लगाया कि संजय आहूजा और हर्षिता आहूजा, जो सिंप्लेक्स फिनवेस्ट लिमिटेड से जुड़े हैं, ने वर्ष 2020 से 2024 के बीच निवेश पर भारी मुनाफा देने का भरोसा दिलाकर उनसे 3 करोड़ 10 लाख रुपए निवेश करवाए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि निवेश के बदले न तो उन्हें तय मुनाफा दिया गया और न ही उनकी मूल राशि वापस की गई। वह टालमटोल करते रहे। आखिर परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी।

## पहले रिफंड कर जाल में फसाते है लोग

*चर्चा है की ठगों की और से काफी शातिर तरीके के साथ वारदात को अंजाम दिया जाता है। उनकी और से पहले अपनी जानकारों को इन्वेस्टमेंट करने और उससे मिलने वाले प्रॉफिट बताये जाते है। इस तरह महसूस कराया जाता है की मानो एक दिन में आसमान जमीन पर आ जाए। दबाकर झूठ बोला जाता है। जिसके बाद इन्वेस्टमेंट करवाई जाती है। फिर कुछ महीनों तक तो थोड़ा थोड़ा रिफंड दिया जाता है, ताकि व्यक्ति यकीन करे और फिर और इन्वेस्टमेंट करे। जिसके बाद धीरे धीरे पेमेंट कम दी जाती है और कंपनी घाटे में होने की बात कही जाती है। जिसके बाद बिल्कुल ही पेमेंट रिफंड देनी बंद कर दी जाती है।*

## पति-पत्नी और बेटे ने मिलकर मारी 19.96 लाख की ठगी

दूसरे मामले में बस्ती जोधेवाल में पति-पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर मुनाफे का लालच देकर 19.96 लाख रुपए इन्वेस्ट करवा लिए। जिसके बाद ना तो प्रॉफिट दिया और ना ही पेमेंट वापस की। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। थाना जोधेवाल की पुलिस ने ओमैक्स टाउनशिप निवासी इंद्रजीत सिंह की शिकायत पर किरण विहार के सिफत सिंह, लखविंदर सिंह हरमीत कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी लखविंदर सिंह महिला हरमीत कौर का पति है। जबकि आरोपी सिफत सिंह उनका बेटा है। पुलिस अनुसार शिकायतकर्ता इंद्रजीत सिंह ने आरोप लगाया कि सिफत सिंह, लखविंदर सिंह और हरमीत कौर ने आपस में मिलीभगत कर उन्हें और उनके बेटे जगमोहित सिंह को अधिक मुनाफे का लालच दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपियों ने बेहतर रिटर्न का भरोसा दिलाकर उनसे 19.96 लाख निवेश करवाए। इसके बाद न तो उन्हें कोई मुनाफा दिया गया और न ही निवेश की मूल राशि वापस की गई। जांच के बाद थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 और 120-बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 15 दिन से खुदी सड़क बनी मुसीबत, कीचड़-अंधेरे में गुजरने को मजबूर वधावा नगर के लोग




जीरकपुर/यूटर्न/27 जुलाई। बलटाना के वधावा नगर में बरसाती पानी की निकासी के लिए शुरू किया गया निर्माण कार्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। करीब 15 दिन पहले सड़क खोदकर चैंबर बनाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन इसके बाद से निर्माण अधूरा पड़ा है। सड़क पर बरसाती और सीवरेज का पानी जमा होने से कीचड़ फैल गया है, जबकि पिछले दो सप्ताह से स्ट्रीट लाइटें भी बंद हैं। ऐसे में दिन में कीचड़ और रात में अंधेरे के बीच लोगों को आवाजाही करनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण रोजाना वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर परिषद की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**कीचड़ में फंसी टैक्सी...**स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार को एक टैक्सी का पहिया सड़क पर फैले कीचड़ में धंस गया। काफी मशक्कत के बाद वाहन को बाहर निकाला जा सका। लोगों का कहना है कि यदि जल्द सड़क दुरुस्त नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।



यूटर्न टाइम

# Gen Z का नया वेलनेस फॉर्मूला: Anmol के साथ योग, पिलाटीज और फेस योगा

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग सिर्फ शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और बेहतर जीवनशैली की भी तलाश कर रहे हैं। सोशल मीडिया के दौर में वेलनेस को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ी है। इसी विषय पर हमारी खास बातचीत हुई 'Wellness by Anmol' की संस्थापक Anmol से। पेश हैं बातचीत के प्रमुख अंश—








### आज सोशल मीडिया पर वेलनेस को लेकर काफी जागरूकता है। आपको इस क्षेत्र में आने की प्रेरणा कहां से मिली?

मैं पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में हमेशा ऑलराउंडर रही हूं। मेरी मां एक स्पोर्ट्स पर्सन हैं और उन्हें जीवन के हर पहलू को संतुलित तरीके से संभालते हुए देखकर मुझे प्रेरणा मिली। शादी के बाद मेरे पति भी फिटनेस के प्रति बेहद जागरूक हैं। परिवार के इसी सहयोग ने मुझे वेलनेस और फिटनेस के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित किया।

### इस सफर की शुरूआत कैसे हुई?

बचपन से ही मेरी इच्छा थी कि मैं अपने मन का काम करूं। परिवार का पूरा साथ मिला। बच्चों की जिम्मेदारियां थोड़ी कम होने के बाद मैंने अपने सपने को पूरा करने का फैसला किया। आज इस सफर को पांच साल हो चुके हैं और लोगों का अच्छा प्यार मिल रहा है।

### युवाओं में योग को लेकर बढ़ते क्रेज को आप कैसे देखती हैं?

कुछ लोग ट्रेंड के कारण योग कर रहे हैं, लेकिन अधिकतर लोगों को इसकी वास्तव में जरूरत है। आज की भागदौड़ और तनावभरी जिंदगी में हर व्यक्ति को खुद के लिए एक घंटे की शांति चाहिए। योग न सिर्फ शरीर बल्कि मन को भी सुकून देता है और हमें अपनी बॉडी की जरूरतों को समझने में मदद करता है।

### क्या योग वास्तव में एंटी-एजिंग का काम करता है?

- बिल्कुल। प्राचीन समय से योग को लंबी और स्वस्थ जिंदगी का आधार माना गया है। आज लोग ट्रेंड के पीछे ज्यादा भाग रहे हैं, जबकि अगर वे अपने शरीर की जरूरत को समझें और योग अपनाएं तो बेहतर स्वास्थ्य पा सकते हैं।

### आपके अनुसार वेलनेस का असली मतलब क्या है?

सबसे बड़ा भ्रम यही है कि लोग वेलनेस को सिर्फ फिटनेस समझते हैं। जबकि वेलनेस का मतलब है मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना। जब ये तीनों चीजें संतुलित होती हैं, तभी व्यक्ति वास्तव में स्वस्थ कहलाता है।

### आजकल पिलाटीज भी काफी चर्चा में है। यह योग से कितना अलग है?

- योग और पिलाटीज दोनों अलग हैं। योग शरीर को लचीला बनाता है, जबकि पिलाटीज कोर मसल्स को मजबूत करता है और हिप्स, थाइज व पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है। जीरो फिगर की चाहत के कारण आज पिलाटीज ज्यादा ट्रेंड में है।

### आज मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोग पहले से ज्यादा जागरूक हुए हैं। आप इसे कैसे देखती हैं?

- सोशल मीडिया ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। पहले लोग मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात नहीं करते थे, लेकिन अब जागरूकता बढ़ी है और लोग जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों से सलाह लेने लगे हैं। यह सकारात्मक बदलाव है।

### आपके अनुसार वेलनेस का असली मतलब क्या है?

सबसे बड़ा भ्रम यही है कि लोग वेलनेस को सिर्फ फिटनेस समझते हैं। जबकि वेलनेस का मतलब है मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना। जब ये तीनों चीजें संतुलित होती हैं, तभी व्यक्ति वास्तव में स्वस्थ कहलाता है।

### आजकल किटी पार्टी में भी योग और पिलाटीज सेशन होने लगे हैं। इस ट्रेंड को आप कैसे देखती हैं?

हमने सबसे पहले वेलनेस किटी का कॉन्सेप्ट शुरू किया था। इसमें डेढ़ घंटे का योग या मेडिटेशन सेशन होता है और पूरी तरह हेल्दी फूड परोसा जाता है। मुझे लगता है कि गॉसिप करने से बेहतर है कि महिलाएं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर समय दें। यह बदलाव बेहद सकारात्मक है।

### पिछले पांच वर्षों का आपका सफर कैसा रहा?

यह सफर काफी सीख देने वाला रहा। परिवार के सहयोग से मैं आगे बढ़ी। योग ने मेरी निजी जिंदगी में भी बहुत मदद की। खासकर प्रेग्नेंसी और पोस्टपार्टम के दौरान योग ने मुझे सामान्य डिलीवरी के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार किया और बाद में वजन कम करने में भी काफी मदद मिली।

### फेस योगा इन दिनों काफी लोकप्रिय हो गया है। यह क्या है?

- हमारे चेहरे में 40 से ज्यादा मांसपेशियां होती हैं, जिन्हें सही ब्लड सर्कुलेशन की जरूरत होती है। फेस योगा से डार्क सर्कल, अंडर आई बैग्स और एजिंग जैसी समस्याओं में काफी मदद मिलती है।

### कोई आसान फेस योगा एक्सरसाइज बताइए।

- सबसे पहले चेहरे पर कोई मेकअप नहीं होना चाहिए। मुट्ठी बनाकर नकल्स की मदद से धीरे-धीरे जॉ लाइन से आंखों की तरफ मसाज करें। इसे बहुत धीरे और शांत वातावरण में करें। इससे चेहरे पर हल्कापन महसूस होगा और तनाव भी कम होगा।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

पेज 06 श्रद्धा की डोर थाम भक्तों ने खींचा भगवान श्री बप्पा...

# निगम अफसरों की मेहरबानी से सैकड़ों जिंदगियाँ दांव पर, जानकर भी बने अनजान, क्या जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई!

## पुरानी कोतवाली में तंग गलियों में बनी मोबाइल शॉप को आग लगने का मामला

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। नगर निगम के अफसरों द्वारा अपनी कमाई के चक्कर में सैकड़ें लोगों की जान को खतरे में डाला जा रहा है। जिसकी उदाहरण दो दिन पहले शहर के बीचों बीच पड़ते वॉर्ड 90 के पुरानी कोतवाली मार्केट में हरी ओम मोबाइल शॉप पर आग के बाद देखने को मिली। जहां शॉप को आग लगी, लेकिन तंग गलियों के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी ही अंदर नहीं जा सकी। सिर्फ पाइप अंदर ले जाकर आग बुझाई गई। समय रहते आग न बुझती तो एक के बाद एक कई इमारतें इसकी चपेट में आ सकती थी। इस बात से भली-भांति जानकार होने के बावजूद निगम जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच द्वारा धड़ल्ले से 4 से 6 मंजिल ऊंची इमारतें बनवा दी गई है। जिसकी ताजा उदाहरण पीएस मोबाइल स्पेयर पॉट्स शोरुम और उसके सामने बनी तीन मंजिलां इमारत है। चर्चा है कि इस पूरे खेल में कई नेता भी शामिल है। अफसरों को कानपुर के बांसमंडी अग्निकांड से भी सबक नहीं मिला है। लोगों में चर्चा है कि अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके सीधे कसूरवार निगम अफसर और संबंधित वॉर्ड के नेता होंगे। जिन्होंने पता होने के बावजूद एक्शन नहीं लिया। हालांकि दो दिन पहले हुई आगजनी की घटना के बाद संबंधित अफसरों को हाथ पाँव की पड़ गई है। अब देखना होगा कि इस मामले में नगर निगम के उच्च अधिकारियों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों और इन इमारतों पर क्या एक्शन लिया जाता या किसी घटना का इंतजार किया जाएगा।



अपने सामने बनी दो अवैध इमारतें, एक की सील खोली दूसरे पर कोई एक्शन नहीं

### 10 फीट की गली में बनी है तीन से 6 मंजिला इमारतें

हरी ओम मोबाइल शॉप के एकदम सामने ही निगम अफसरों की मिलीभगत से मार्केट की सबसे ऊंची इमारत बनवाई गई है। बता दें कि 10 फीट की गली में 40 गज जमीन पर पीएस मोबाइल स्पेयर पॉट्स शोरुम बेसमेंट समेत छह मंजिल बना है। नियमों के मुताबिक यह बन ही नहीं सकता था। इसकी कई बार निगम अफसरों को शिकायतें हुई। लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जगह नेता पर एक्शन लेने में रुकावट डालने, कभी मालिक के मिल जाने तो कभी और बहाने बनाकर टाल मटोल कर दी गई। उच्च अफसरों के पूछने पर बिल्डिंग ब्रांच द्वारा इमारत 2022 की बनी होने की बात कहकर टाल दिया जाता है। असलियत में यह इमारत 2024 के बाद बनी। फिर इसका कार्य जारी रहा। फिर शिकायतें हुई, लेकिन एक्शन नहीं हुआ।



### समय पर आग न बुझती, तो हो सकता था बड़ा नुकसान

वहीं इलाके के लोगों का कहना है कि हरी ओम मोबाइल शॉप एक मंजिल है। जिसके चलते आग ऊपर की तरफ कम फैली। वहीं शटर बंद के कारण ज्यादा समय आग की लपटें अंदर ही उठती रही और धमाके होते रहे। समय रहते आग न बुझती तो आसपास की इमारतें भी उसकी चपेट में आ सकती थी। ऐसे में अगर ऊपर की मंजिलों पर आग लगी होती तो वहां तक फायर विभाग की पाइप भी नहीं पहुंच सकती थी।

### मौके पर जाकर भी नहीं लिया एक्शन

पूर्व इंस्पेक्टर कशिश गर्ग द्वारा तो सेवादार के जरिए ही नोटिस भेजने, दुकान के दस्तावेज मंगवाने का काम किया जा रहा था। लेकिन इंस्पेक्टर हरमिंदर मक्कड़ ने चार्ज लेते ही सबसे पहले उक्त छह मंजिलां इमारत का रुख किया। वहां पहुंचे और दस्तावेज चैक किए। करीब एक घंटे बाद वापिस आ गए। इस संबंधी मार्च महीने पूछने पर इंस्पेक्टर मक्कड़ का कहना था कि उन्होंने इंस्पेक्टर कशिश को सारा रिकॉर्ड देकर चार्ज छोड़ा था। अब दोबारा चार्ज लेने पर बिल्डिंग की जाँच करके और गलत पाए जाने पर एक्शन लेने की बात कही थी।



### बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले की इमारत भी अवैध

मार्केट में जब कोई विभाग एक्शन लेता है तो मार्केट में मौजूद एक भगवान के नाम की दुकान वाला मोबाइल कारोबारी बिचौलिए की भूमिका निभाता है। फिर चाहे पीएस मोबाइल शोरुम पर एक्शन लेना, तीन मंजिलां इमारत की सील-अनसील हो या हरी ओम मोबाइल शॉप मालिक का बायकॉट करना हो, सभी मामलो में वे बिचौलिया या प्रमुख बनकर अहम रोल अदा करता हैं। लेकिन अफसरों की मेहरबानी से बनी उनकी खुद की इमारत इललीगल है। 2019 में इमारत के अगले हिस्से को गिराया भी गया था। जबकि बाकी हिस्सा खुद गिराने के आदेश थे। लेकिन एक नेता की सिफारिश से बचाव हुआ। यह इमारत भी लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है। चर्चा है कि उक्त बिचौलिए की दुबई, सिंगापुर समेत विदेशों में मोटी इन्वेस्टमेंट है। जिसकी जीएसटी विभाग को जांच करने की जरुरत है। इस संबंधी जल्द बड़े खुलासे होने की संभावना है।

### आधे से ज्यादा इमारतों के पास नहीं फायर एनओसी

तंग गलियों में बनी ऊंची इमारतों में आधे से ज्यादा के पास तो फायर विभाग की एनओसी ही नहीं है। बेशक इमारतों में फायर सेफ्टी यंत्र लगे हो, लेकिन तंग गलियों में कमर्शियल कारोबार को बनाई इमारतें पास ही नहीं हो सकती। क्योंकि कल को अगर ऊपर की मंजिलों पर आग लगती है तो फायर विभाग की गाड़ियां पहले से अंदर नहीं जाती, तो आगजनी को कंट्रोल करना नामुमकिन है। हैरानी की बात तो यह है कि इन इमारतों की फायर विभाग भी चैकिंग नहीं करता। अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो निगम अफसरों के साथ साथ फायर विभाग भी जिम्मेदार होगा।





### इन जिम्मेदारों ने नहीं लिया एक्शन

उक्त दोनों इमारतों की शिकायतें कई महीनों से हो रही थी। तब जोन-ए बिल्डिंग ब्रांच में एटीपी गुरविंदर पाल सिंह लक्की और इंस्पेक्टर कशिश गर्ग थी। दोनों अफसरों को शिकायतें हुई तो दोनों ने पीएस मोबाइल शोरुम मालिक द्वारा सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर से मुलाकात कर उन्हें दस्तावेज दिखाने की बात कही। हालांकि दोनों अफसरों ने बिल्डिंग की ऊपरी मंजिलें इललीगल होने और सील की बात स्वीकार की, लेकिन एक्शन नहीं लिया। कशिश गर्ग का कहना था कि यह इमारत पहले बनी थी। जिसका रिकॉर्ड पूर्व इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ अपने साथ ले गए और उन्हें आज तक नहीं दिया। हालांकि दोनों अफसरों के समय ही निर्माण पूरा हुआ। फिर कशिश गर्ग छुट्टी पर चली गई और एटीपी लक्की का तबादला हुआ। नए आए एटीपी कपिल देव और इंस्पेक्टर हरमिंदर मक्कड़ को शिकायतें हुई मगर फिर भी कार्रवाई नहीं की।

### तीन मंजिलां इमारत की खोल दी सील

पीएस मोबाइल शोरुम के एकदम सामने एक रिटायर्ड अफसर द्वारा तीन मंजिलां इमारत बनाई गई है। जिसका पता चलने पर निगम अफसरों ने उसे सील कर दिया था। पूर्व कमिश्नर को शिकायत हुई कि आमने-सामने दो अवैध इमारतें और एक को सील किया, दूसरी पर मेहरबानी की। जिस पर अफसरों द्वारा ईमानदारी दिखाते हुए छह मंजिलां इमारत को सील करने की जगह एक महीना पहले उक्त तीन मंजिलां इमारत की सील भी खोल दी। अगर बिल्डिंग अवैध थी तो वैध कैसे हो गई। चर्चा है कि एक अफसर की मालिक संग गुपचुप मुलाकात के बाद सील खोली गई है।



# डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर से स्प्लेंडर बाइक चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/27 जुलाई। एक डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जीरकपुर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दशमेश नगर निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। 10 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे वह एनके शर्मा रोड स्थित एक डॉक्टर के क्लीनिक में दवा लेने गया था। उसने अपनी वर्ष 2020 मॉडल ग्रे-काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्लीनिक के बाहर खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद जब वह बाहर लौटा तो बाइक मौके से गायब थी। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# हरियाणा विधानसभा में गूंजेगा इंटरनेट मीडिया पर अश्लील कंटेंट का मुद्दा

## महिला सशक्तिकरण समिति की सख्त सिफारिशें तैयार

पंचकूला/यूटर्न/27 जुलाई। इंटरनेट मीडिया पर तेजी से बढ़ रहे अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर हरियाणा विधानसभा की महिला सशक्तिकरण समिति ने सख्त रुख अपनाया है। समिति ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने का फैसला लिया है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सरकार से कड़े कदम उठाने की सिफारिश करने की तैयारी कर रही है। पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान समिति की चेयरपर्सन एवं कालका से भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभाव बच्चों और युवाओं पर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में अश्लील और अभद्र सामग्री पर नियंत्रण के लिए स्पष्ट नीति और प्रभावी कानून समय की जरूरत बन गए हैं।



### परीक्षा संशोधन विधेयक पर भी उठाई आवाज

इसी दौरान गीता भुक्कल ने लोकसभा में पेश परीक्षा संशोधन विधेयक पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण विधेयक पर संसद में व्यापक और गंभीर चर्चा होनी चाहिए, ताकि परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और छात्र हितैषी बनाया जा सके। उन्होंने हाल के छात्र आंदोलनों का हवाला देते हुए मांग की कि आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। उनके अनुसार, विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान दमन से नहीं बल्कि संवाद और सकारात्मक पहल से होना चाहिए। भुक्कल ने केंद्र सरकार से परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार लागू करने और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील भी की।

उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण समिति इस संबंध में अपनी विस्तृत रिपोर्ट हरियाणा विधानसभा में पेश करेगी, ताकि इस गंभीर सामाजिक मुद्दे पर व्यापक चर्चा हो सके और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जा सकें। समिति की सदस्य एवं झज्जर से कांग्रेस विधायक तथा पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल ने भी समिति के रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इंटरनेट मीडिया पर बढ़ता अश्लील कंटेंट समाज के नैतिक मूल्यों और युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जिम्मेदारी तय करने और सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू किए जाने चाहिए।

# राहुल का वारः अमित शाह के असहमति का जवाब पैलेट गन से दिलवाया

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों और भारत के भविष्य की जीत बताया। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के लिए सीधे तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह ने छात्रों के खिलाफ पैलेट गन जैसे घातक हथियारों के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी।

उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यह विरोध प्रदर्शन एक बहुत बड़े संकट की सिर्फ. शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार लोगों को नजरअंदाज करती रही, तो इससे दस गुना बड़े पैमाने पर ऐसी घटनाएँ हो सकती हैं। राहुल गांधी ने कहा, हमारे छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के लिए हम सीधे तौर पर अमित शाह को ज़िम्मेदार मानते हैं। उन्होंने हमारे छात्रों पर गोली चलाने की मंजूरी दी। उन्होंने हमारे छात्रों के खिलाफ पैलेट गन जैसे घातक हथियारों के इस्तेमाल की मंजूरी दी।

उन्होंने आगे कहा, हमारे लिए यह एक बुनियादी मुद्दा है। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि हमारी अपनी फोर्स भारत के भविष्य पर गोली चलाए। यह संसद में एक बड़ा मुद्दा होगा।



### 'यह छात्रों की जीत है'

राहुल गांधी ने कहा कि इस्तीफा उन छात्रों की जीत है जो सड़कों पर उतरे थे और उन्होंने उन्हें देश का भविष्य बताया। उन्होंने कहा, 'यह उनकी जीत है, जो भारत का भविष्य हैं।' राहुल गांधी ने कहा कि भारत का शिक्षा सिस्टम कभी गर्व का स्रोत था और दुनिया भर में इसकी पहचान थी, लेकिन कई सालों से इस पर हमले हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारा शिक्षा सिस्टम, जो कभी हमारा गर्व था और जिसे पूरी दुनिया बहुत अच्छा मानती थी, उस पर कई सालों से हमले हो रहे हैं। उस पर कब्जा किया जा रहा है और उसका निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों का विरोध प्रदर्शन न सिर्फ. शिक्षा सिस्टम की हालत के खिलाफ था, बल्कि बेरोजगारी और देश के मौजूदा हालात के खिलाफ भी था। राहुल गांधी ने कहा, यह बेरोजगारी के खिलाफ एक प्रतिक्रिया थी। यह उस स्थिति के खिलाफ प्रतिक्रिया थी जिसमें भारत आज है।

### शिक्षा सिस्टम पर 'कब्जे' को लेकर राहुल ने फ्रर पर निशाना साधा

राहुल गांधी ने फ्रर पर भारत के शिक्षा सिस्टम पर कब्जा करने और उसे अंदर से खोखला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भारत की शिक्षा व्यवस्था पर RSS का कब्जा एक बहुत बड़ा मुद्दा है। अगर इसमें मोदी जी की गलती है, तो फ्रर भी उतनी ही दोषी है। राहुल गांधी ने आगे कहा, इसके पीछे RSS की सोच है। उसने हमारी शिक्षा व्यवस्था को अंदर से खोखला कर दिया है। उन्होंने ज्ञान पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि हुए नुकसान को ठीक करने के लिए शिक्षा व्यवस्था में गहरे कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ̄हमारी शिक्षा व्यवस्था अंदर से खोखली हो गई है। इसलिए, गहरे कदम उठाने होंगे।

# मोहाली में एटीएम के एसी की मरम्मत के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

मोहाली/यूटर्न/27 जुलाई। टीडीआई सिटी स्थित एक निजी बैंक के एटीएम में एयर कंडीशनर की मरम्मत के दौरान करंट लगने से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव खिजराबाद निवासी हरमनजोत सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हरमनजोत सिंह पेशे से एसी मैकेनिक था और विभिन्न संस्थानों में एसी की मरम्मत का कार्य करता था। सोमवार को उसे टीडीआई सिटी स्थित एक निजी बैंक के एटीएम में लगे एयर कंडीशनर की खराबी ठीक करने के लिए बुलाया गया था। मरम्मत के दौरान वह अचानक तेज करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों और साथियों ने उसे उपचार के लिए फेज-6 सिविल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी और उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे हादसा मान रही है।

# शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, गर्भवती होने पर मुकरा युवक, मोहाली में केस दर्ज

मोहाली/यूटर्न/27 जुलाई। शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने के बाद शादी व बच्चे को अपनाने से इनकार करने के आरोप में मोहाली पुलिस ने अमृतसर निवासी एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने जून 2026 में जिला पुलिस प्रमुख को दी शिकायत में बताया कि उसकी उम्र करीब 25 वर्ष है। उसकी मुलाकात अमृतसर निवासी हरमनप्रीत सिंह से हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर साझा किए और बातचीत के दौरान उनकी दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। शिकायत के अनुसार आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ सहमति से शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद युवती गर्भवती हो गई।





पेज 12 डायरी में छिपा दर्द, वीडियो बना अहम सबूत...

# मेज पर बातचीत, फाइल में FIR; CJP ने फिर धरने का टिकट बुक करने का वादा किया



चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर हालिया आंदोलन के बाद छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले वापस नहीं लिए गए, तो वह देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का एक और दौर शुरू करेगी। पार्टी का कहना है कि अगर प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहती है, तो केंद्र के आश्वासन बेमतलब हो जाएंगे।

यह चेतावनी CJP प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच हुई बैठक के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने आंदोलन के नेताओं के साथ बातचीत की थी। बैठक के बाद, सरकार ने संगठन की मांगों पर विचार करने के लिए समय मांगा था और प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

हालांकि, CJP ने आरोप लगाया कि इन आश्वासनों के बावजूद कई राज्यों में पुलिस की कार्रवाई जारी है। संगठन के अनुसार, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में छात्रों और प्रदर्शनकारियों को या तो हिरासत में लिया गया है या विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। संगठन ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी FIR को तुरंत वापस लेने और हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की मांग की।

संगठन ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रखना विश्वासघात होगा और इससे सरकार और आंदोलन के बीच शुरू हुई बातचीत कमजोर होगी। संगठन का मानना है कि सार्थक बातचीत जारी रखने के लिए भरोसा बढ़ाने वाले कदम जरूरी हैं।

CJP नेताओं ने दोहराया कि उनका आंदोलन छात्रों और युवा उम्मीदवारों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर केंद्रित रहा है, जिनमें परीक्षा सुधार, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के लिए जवाबदेही और युवाओं के लिए अवसरों से संबंधित व्यापक चिंताएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन जनहित से प्रेरित है, न कि राजनीतिक कारणों से।

संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक के बाद भी कुछ छात्रों से पूछताछ की गई या उन्हें पुलिस ने उठा लिया, जिससे प्रतिभागियों में डर पैदा हो गया। संगठन ने कहा कि ऐसी कार्रवाई बातचीत के दौरान दिए गए आश्वासनों के विपरीत है और इससे तनाव बढ़ने का खतरा है, जबकि ऐसे समय में बातचीत को सफल होने देना चाहिए।

CJP ने चेतावनी दी कि अगर सरकार अपने वादों को पूरा नहीं करती है, तो उसके पास देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के एक और दौर के जरिए आंदोलन को तेज करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। साथ ही, उसने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है और उम्मीद है कि केंद्र सरकार FIR वापस लेकर और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई रोककर ठोस कदम उठाएगी, जिससे गतिरोध का रचनात्मक समाधान निकल सके।



## सीएम मान ने लोहारा स्कूल में वर्धमान ब्लॉक का उद्घाटन किया, बोले- जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। लुधियाना में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारी बारिश के बीच शिक्षा क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। खराब मौसम के बावजूद मुख्यमंत्री लोहारा स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित 'वर्धमान ब्लॉक' का विधिवत उद्घाटन किया। लुधियाना में सोमवार को मौसम अचानक बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बावजूद कार्यक्रम को रद्द नहीं किया गया और मुख्यमंत्री तय समय के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। बारिश के बीच हुए उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय लोगों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार शिक्षा व्यवस्था के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सरकार स्कूलों के विकास और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बारिश के चलते प्रशासन को करनी पड़ी मशक्कत

बारिश के कारण लुधियाना पुलिस और जिला प्रशासन को कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालने में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं, ट्रैफिक पुलिस ने बारिश के बीच मुख्यमंत्री के काफिले और आम लोगों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए।

## वाहन पोर्टल की सेवाएं सरल बनाने के लिए ट्रांसपोर्टरों ने सौंपा मांगपत्र



लुधियाना/चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। लुधियाना ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर क्लब के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज चंडीगढ़ में स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (एसटीए) पंजाब और ज्वाइंट स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से मुलाकात कर वाहन पोर्टल पर आरसी ट्रांसफर तथा इससे जुड़ी अन्य सेवाओं को सरल और सुचारू बनाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि मौजूदा ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान ट्रांसपोर्टरों, कमर्शियल वाहन डीलरों और वाहन मालिकों को कई तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आधार ओटीपी के विकल्प के रूप में अन्य सत्यापन व्यवस्था उपलब्ध कराने, सिंगल विंडो प्रोसेसिंग लागू करने तथा दस्तावेजों की जांच और मंजूरी की प्रक्रिया को तेज करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रक्रिया सरल होने से लोगों का समय बचेगा और सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर भी कम होंगे। अधिकारियों ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान जोधा सिंह, महासचिव जतिंदर पाल सिंह मक्कड़, कैशियर अमरजीत सिंह बिखी, एसटीएसी पंजाब के प्रधान अवतार सिंह तारी, दविंदर सिंह वालिया, तरुण सिंगला, नरेंद्र सिंह चीमा, दमन खालसा, राजेश सूद, अमृतपाल सिंह और सुखविंदर सिंह चावला मौजूद रहे।

## वीआईपी रोड पर हिट एंड रन, जेप्टो कर्मचारी की मौत, साथी गंभीर घायल

जीरकपुर/यूटर्न/27 जुलाई। वीआईपी रोड स्थित मेट्रो टावर के सामने स्लिप रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 25 वर्षीय मलकीत सिंह, निवासी कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के रूप में हुई है। घायल लवकेश का जीएमसीएच सेक्टर-32, चंडीगढ़ में उपचार चल रहा है। जीरकपुर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं : जुगल किशोर गोयल

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। श्री साई बाबा सेवा समिति एवं श्री साई कृपा महिला मंडल द्वारा आयोजित 14वें श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2026 के अंतर्गत होने वाली विशाल साई भजन संध्या एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का निमंत्रण अग्रवाल वेलफेयर बोर्ड, हल्का नॉर्थ के चेयरमैन जुगल किशोर गोयल को भावपूर्वक भेंट किया गया।समिति के पदाधिकारियों ने जुगल किशोर गोयल को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में काकड़ आरती, मंगल स्नान



एवं श्री साई अमृतवाणी पाठ का आयोजन होगा। 30 जुलाई को श्री साई पालकी एवं रथ यात्रा निकाली जाएगी तथा 1 अगस्त को शाम 7 बजे से बेनसन ग्रैंड, जालंधर बाईपास, लुधियाना में भव्य विशाल साई भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर जुगल किशोर गोयल ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या किसी की Call Record करना कानूनी है?**

आज लगभग हर व्यक्ति के पास Smartphone है। कई बार लोग किसी बातचीत को बिना बताए Record कर लेते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या किसी की Call Record करना कानूनन सही है?

यदि आप खुद उस Call का हिस्सा हैं, यानी आप भी उस बातचीत में शामिल हैं, तो केवल Call Record कर लेना अपने आप में अपराध नहीं माना जाता। लेकिन उस Recording का गलत इस्तेमाल करना आपको कानूनी परेशानी में डाल सकता है।

मान लीजिए किसी ने आपकी अनुमति के बिना आपकी Call Recording सोशल मीडिया पर डाल दी, किसी को बदनाम करने के लिए फैला दी या आपको Blackmail करना शुरू कर दिया। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

दूसरी ओर, यदि कोई व्यक्ति ऐसी Call Record करता है जिसमें वह खुद शामिल ही नहीं है और चोरी-छिपे दो लोगों की बातचीत सुनकर Record करता है, तो मामला गंभीर हो सकता है। यह दूसरे व्यक्ति की Privacy का उल्लंघन माना जा सकता है।

कई लोग सोचते हैं कि किसी की Call Record मिल गई तो उसे कहीं भी Share किया जा सकता है। ऐसा बिल्कुल नहीं है। किसी Recording को Edit करके या उसका कुछ हिस्सा चलाकर किसी की छवि खराब करना भी कानूनी विवाद पैदा कर सकता है।

यदि कोई व्यक्ति आपकी निजी बातचीत को आपकी अनुमति के बिना सार्वजनिक कर देता है और उससे आपकी प्रतिष्ठा या निजी जीवन प्रभावित होता है, तो आप पुलिस में शिकायत करने के साथ-साथ अन्य कानूनी उपाय भी अपना सकते हैं।

निष्कर्ष: Call Record करना और उसे इस्तेमाल करना दो अलग बातें हैं। यदि Recording का उपयोग किसी को बदनाम करने, Blackmail करने या उसकी Privacy का उल्लंघन करने के लिए किया जाता है, तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इसलिए किसी भी Recording का इस्तेमाल सोच-समझकर करें।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### जीवन चलने का नाम, चलते रहो सुबह-शाम

यह कहावत हमें निरंतर प्रयास और कर्म का संदेश देती है। जीवन में सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो कठिनाइयों से घबराकर रुकते नहीं, बल्कि हर परिस्थिति का साहस के साथ सामना करते हुए आगे बढ़ते रहते हैं। जीवन एक यात्रा की तरह है, जिसमें सुख और दुख, सफलता और असफलता दोनों आते हैं। हमें इन सभी परिस्थितियों को स्वीकार करके अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। सुबह की नई किरण हमें नई आशा और ऊर्जा देती है, जबकि शाम हमें पूरे दिन के कार्यों का अनुभव और सीख प्रदान करती है। यदि किसी दिन हमें असफलता मिलती है, तो उससे निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर फिर से प्रयास करना चाहिए। निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी हैं। प्रकृति भी हमें यही संदेश देती है। सूर्य प्रतिदिन उगता और अस्त होता है, नदियाँ बिना रुके बहती रहती हैं और समय कभी नहीं रुकता। यदि प्रकृति अपने नियमों का पालन करते हुए निरंतर आगे बढ़ सकती है, तो हमें भी अपने जीवन में रुकना नहीं चाहिए। अत हमें हमेशा कर्मशील, धैर्यवान और आशावादी बने रहना चाहिए। जीवन का वास्तविक आनंद आगे बढ़ने और निरंतर प्रयास करने में ही है। इसलिए हमें हमेशा याद रखना चाहिए जीवन चलने का नाम है, चलते रहो सुबह-शाम।

# श्रद्धा की डोर थाम भक्तों ने खींचा भगवान श्री बप्पा की पालकी का रथ, उमड़ा जनसैलाब

लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। आस्था, भक्ति और अलौकिक उत्साह के संगम के बीच श्री सिद्धि विनायक मंदिर (न्यू माया नगर, चूहड़पुर रोड, हैबोवाल कलां) द्वारा आयोजित 23वें वार्षिक श्री गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान श्री सिद्धि विनायक जी की चतुर्थ साप्ताहिक पालकी यात्रा अत्यंत हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। मंदिर के प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार, श्री गणेश वंदना और संकीर्तन से हुई। इस पावन अवसर पर चतुर्थ पालकी यात्रा की मुख्य सेवा का सौभाग्य श्रीमती प्रकाश गोयल परिवार के राजू गोयल, रीना गोयल, प्रियंका गोयल, मुस्कान गोयल, राकेश



गोयल एवं महेश गोयल को प्राप्त हुआ। संकीर्तन के उपरांत अलौकिक पुष्पों से सुसज्जित भगवान श्री सिद्धि विनायक जी की पालकी श्रद्धालुओं के गगनभेदी जयघोषों के बीच प्रस्थान हुई। पूरे मार्ग प्रसिद्ध भजन गायक हन्नी कौशल ने अपने भजनो के माध्यम से प्रभु समक्ष अपनी हाजिरी लगाई। न्यू माया नगर और बाबा कॉलोनी की गलियों से गुजरी इस यात्रा का क्षेत्रवासियों ने स्थान-स्थान पर आरती उतारकर, पुष्पवर्षा कर और मोदक व लड्डुओं का भोग लगाकर भावपूर्ण अभिनंदन किया।यात्रा का सबसे विहंगम दृश्य तब देखने को मिला जब भगवान के पालकी रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। राजू गोयल एवं सुरेश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की सेवा का अवसर मिलना परिवार के लिए परम सौभाग्य और ईश्वर की असीम कृपा है।

# ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने मंदिरों में लगाए रुद्राक्ष के 15 पौधे

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से सोमवार को शहर के सेक्टर 46 और सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर परिसर सहित सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए। इस अवसर सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया सहित अन्य पदाधिकारी और सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता सहित सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल की चीफ वार्डन लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा वार्डन श्रीमती उषा सावल सहित अन्य भी उपस्थित थे।

ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविन्द्र सिंह बिल्ला ने कहा कि आज फाउंडेशन की ओर से शहर में सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 26 बापूधाम



किन्नर मंदिर और सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए हैं। रुद्राक्ष एक देववृक्ष है। यह जीवनरक्षक है। साथ ही इसका धार्मिक महत्व भी है।

सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रेसिडेंट और एस डी कॉलेज के पैट्रन जतिंदर भाटिया ने रविन्द्र सिंह बिल्ला जी की तरफ से लगाए गए रुद्राक्ष के पौधों के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष के साथ ही अन्य पौधों का भी रोपण करना चाहिए। साथ ही पेड़-पौधों की रक्षा भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो धरती जीव विहीन हो जाएगी। न हवा चलेगी न वर्षा होगी। ऐसे में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता ने कहा कि मंदिर प्रांगण में रुद्राक्ष का पौधा लगाना बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है। भगवान शिव को प्रिय यह देववृक्ष वातावरण को शुद्ध करता है और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है।

## डोप टेस्ट में नशे की पुष्टि, भबात मैदान से पकड़े गए दो युवकों पर एनडीपीएस केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/27 जुलाई। जीरकपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भबात स्थित ट्रिनिटी अस्पताल के खेल मैदान से दो युवकों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ, लेकिन सरकारी अस्पताल ढकोली में कराए गए डोप टेस्ट में नशा करने की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान जेपी अस्पताल के पास एक मुखबिर ने सूचना दी कि भबात के खेल मैदान में दो युवक स्वयं नशा कर रहे हैं और अन्य युवाओं को भी इसकी लत लगाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन देखकर दोनों युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।

आरोपियों की पहचान आर्यन निवासी न्यू अट्टा चक्की, पटियाला रोड, भबात और गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी निवासी शेखन माजरा, मोहाली के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तलाशी ली, लेकिन कोई मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

# इंडियन बैंक के साथ तीन फर्मों के मालिकों ने कर डाली 68.91 लाख की ठगी, महिला समेत तीन पर पर्चा दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। तीन फर्मों के एक महिला समेत तीन डायरेक्टर और प्रोपराइटर द्वारा इंडियन बैंक से लोन व क्रेडिट सहुलिताएं करीब 68.91 लाख रुपए की ले ली गई।

सहुलिताएं लेने के बाद आरोपियों ने एक्सपोर्ट के बिल किसी और खरीददार के नाम पर काटकर बैंक के साथ ठगी कर डाली। थाना डिवीजन नंबर दो की पुलिस ने चंडीगढ़ के संदीप राठी की शिकायत पर धर्मपाल जैन, जेनिंद्र जैन और अंजू जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी




शिकायत में बताया कि वह चंडीगढ़ स्थित इंडियन बैंक में चीफ मैनेजर के पद पर तैनात है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी धर्मपाल जैन और जेनिंदर जैन वल्भ एक्सपोर्ट्स और वल्भ ओवर्सीज के डायरेक्टर है। वहीं अंजू जैन ए.जे. इंपैक्स की प्रोपराइटर है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों द्वारा इंडियन बैंक से अलग अलग समय में लोन लिया गया था। वहीं कई क्रेडिट सहुलिताएं भी ली गई थी। जिसकी कुल रकम 68 लाख 91 हजार रुपए बनती है। लेकिन आरोपियों द्वारा गलत खरीददार के नाम पर एक्सपोर्ट के बिल काटकर बैंक के फंड के साथ हेरफेर कर डाला। जब बैंक को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने आरोपियों से जवाब मांगा। लेकिन वह कोई जवाब पेश नहीं कर सके।






## रिटायर्ड बैंक मुलाजिम को इंडिकेटर न देने की बात कह लूटा, जेब से पांच हजार ले भागे बदमाश



लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। शिवाजी नगर इलाके में पंजाब नेशनल बैंक के रिटायर्ड कैशियर एक्टिवा सवार बुजुर्ग को बाइक सवार दो बदमाशों ने इंडिकेटर न देने की बात कहकर रास्ते में रोक लिया। जिसके बाद शातिर तरीके से उसकी जेब से 5 हजार रुपए निकालकर फरार हो गए। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित एस.के. नैय्यर द्वारा मामले की शिकायत पुलिस चौकी धर्मपुरा में दी गई है। पीड़ित एस.के. नैय्यर ने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर कैशियर हैं। वह बैंक में कुछ काम निपटाने के बाद अपनी एक्टिवा पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक्टिवा सवार दो युवकों ने आगे आकर उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार युवकों ने उनसे कहा कि मोड़ काटते समय उन्होंने इंडिकेटर क्यों नहीं दिया। इसी बात को लेकर दोनों ने उन्हें बातचीत में उलझा लिया। आरोप है कि इसी दौरान एक ठग ने उनका कॉलर पकड़ लिया और दूसरे ने उनकी शर्ट की ऊपरी जेब में रखे करीब 5 हजार रुपये बड़ी सफाई से निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जाते समय उनका चश्मा उन्हें थमाते हुए बोले कि यह जमीन पर गिरा पड़ा था। बुजुर्ग उस समय ठगी को समझ नहीं सके। जब वह घर पहुंचे तो उन्हें वारदात का पता चला।

## बेटी को संधारा देने के लिए सामान खरीदकर ले जा रही महिला से झपटमारी, पर्स छीनकर ले गए बदमाश



समराला/यूटर्न/27 जुलाई। लुधियाना के समराला में बेटी के लिए संधारा का सामान खरीदकर जा रही एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने झपटमारी करके पर्स छीन लिया। वारदात के बाद महिला ने शोर मचाया। लेकिन बदमाश फरार हो गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महिला अनुसार पर्स में सात हजार रुपए की नकदी, चूड़ियां, बिस्कुट व अन्य सामान था।

पीड़िता हरजीत कौर ने बताया कि वह अपनी बेटी के घर समराला आई हुई थीं। बेटी ने उन्हें बाजार जाने से मना किया था, लेकिन वह उसके लिए सामान खरीदकर लाना चाहती थीं। हरजीत कौर ने बताया कि उनके पर्स में 7,000 रुपए कैश थे। इनमें से 5,000 रुपए कमेटी में जमा कराने थे, जबकि बाकी राशि से वह बेटी के लिए सामान खरीद रही थीं। हरजीत कौर के अनुसार, बदमाशों ने कुछ दूरी पर बिस्कुट वाला लिफाफा फेंक दिया और खन्ना रोड की ओर भाग निकले, लेकिन पर्स अपने साथ ले गए। घटना के बाद बुजुर्ग महिला ने शोर मचाकर लोगों से मदद की गुहार लगाई।

## हिट एंड रन: तेज रफ्तार कार की टक्कर से लिफ्ट टेक्निशियन गंभीर घायल

जीरकपुर/यूटर्न/27 जुलाई। जीरकपुर के छत क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल सवार लिफ्ट टेक्निशियन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। जीरकपुर थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय नरिंदर कुमार, निवासी रायपुर कल्ला (सेक्टर-109), एसएएस नगर, मोहाली की एक निजी लिफ्ट कंपनी में टेक्निशियन है। वह नई लिफ्टों की स्थापना और मरम्मत का कार्य करता है। 24 जुलाई को वह ट्रिपल सीवी, आईपी रोड स्थित एक साइट पर लिफ्ट की सर्विसिंग के लिए गया था। शाम करीब छह बजे काम खत्म करने के बाद वह मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था।

**पीजीआई में चल रहा इलाज, दाहिना हाथ-पैर टूटा; अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज**

शाम करीब 6:30 बजे जब वह छत क्षेत्र से सर्विस रोड की ओर जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई एक अज्ञात कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में नरिंदर की दाहिनी बांह और दाहिना पैर टूट गया, जबकि उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

एक राहगीर ने घायल को एम्बुलेंस के जरिए पहले फेज-6 स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। 25 जुलाई को पीजीआई से सूचना मिलने पर जीरकपुर थाना पुलिस के एएसआई राजीव कुमार अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर द्वारा बयान देने के लिए फिट घोषित किए जाने के बाद घायल का बयान दर्ज किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 281, 125(ए), 125(बी) और 324(4) के तहत अज्ञात कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फरार कार और उसके चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बीवीएम ऊधम सिंह नगर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर में सोमवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने नारा लेखन गतिविधि में भाग लेकर डॉ. कलाम के प्रेरणादायक व्यक्तित्व, देशभक्ति और वैज्ञानिक सोच को शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत किया। ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा आस्था ने अपने संबोधन में डॉ. कलाम के जीवन, विज्ञान और शिक्षा के प्रति उनके



समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के संदेश 'सपना देखो' से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

विज्ञान अध्यापक नरेंद्र सिंह रावत और राकेश के मार्गदर्शन में रॉकेट मॉडल निर्माण गतिविधि भी करवाई गई। विद्यार्थियों ने भारत के अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमों में डॉ. कलाम के योगदान से प्रेरित मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य पवन सूद ने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम, देशभक्ति और नवाचार जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# ब्लॉकबस्टर बना LRGMA विंटर एक्सपो, दो दिनों में 10 हजार से अधिक ट्रेड विजिटर्स पहुंचे

## 200 से अधिक ब्रांड्स की विंटर रेंज ने खींचा खरीदारों का ध्यान, AI रोबोट बना आकर्षण का केंद्र

## हलवारा एयरपोर्ट से लुधियाना के गारमेंट उद्योग को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक नई उड़ान

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित LRGMA का आठवां विंटर एडिशन गारमेंट कारोबार के लिए ब्लॉकबस्टर साबित हो रहा है। एक्सपो के दूसरे दिन भी देश के विभिन्न राज्यों से आए निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं, डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेल खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। आयोजकों के अनुसार दो दिनों में ट्रेड विजिटर्स का आंकड़ा 10 हजार के पार पहुंच गया है।

प्रदर्शनी में 200 से अधिक गारमेंट ब्रांड्स ने अपनी नई विंटर कलेक्शन, बच्चों के परिधान, स्वेटर, जैकेट, इनरवियर, फैशन वियर और होजरी उत्पादों की विस्तृत रेंज प्रदर्शित की है। स्टॉलों पर खरीदारों की लगातार आवाजाही और कारोबार को लेकर हुई बैठकों के चलते विशेषज्ञों ने इसे अब तक के सबसे सफल गारमेंट एक्सपो में शामिल किया है।

LRGMA के चेयरमैन दर्शन लाल गाबा और प्रधान संदीप बहल ने कहा एक्सपो का सबसे बड़ा लाभ निमार्ताओं और खरीदारों के बीच सीधा व्यापारिक संपर्क है। इससे कंपनियों की मार्केटिंग लागत कम होती है और उन्हें एक ही मंच पर विभिन्न राज्यों के खरीदारों से ऑर्डर प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट से बेहतर कनेक्टिविटी मिलने पर लुधियाना के निमार्ता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अधिक तेजी से पहुंच सकेंगे।

इस दौरान विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, जनता लीडर सन्नी भल्ला सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रदर्शनी का दौरा किया।


























# फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स ने डाबा रोड पर खाने की क्वालिटी की जांच, तीन में से दो सैंपल हुए फेल

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। डिप्टी कमिश्नर श्री हिमांशु की दूर की सोच और गाइडेंस में, लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने सोमवार को डाबा रोड पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स कैंपेन के तहत एक खास जांच और जागरूकता अभियान चलाया ताकि सुरक्षित, हाइजीनिक और अच्छी क्वालिटी का खाना मिल सके। जांच के दौरान, फूड सेफ्टी टीम ने फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब का इस्तेमाल करके पनीर, खोआ बर्फी और मिल्क केक के तीन सैंपल इकट्ठा किए और मौके पर ही उनका टेस्ट किया। एक सैंपल फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड के हिसाब से पाया गया, जबकि दो सैंपल क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए। ट्रांसपेरेंसी और समय पर सुधार के लिए संबंधित फूड बिजनेस ऑपरेटरों को टेस्ट



रिपोर्ट तुरंत जारी कर दी गई

इस मौके पर स्ट्रीट फूड वेंडर और लोकल फूड बिजनेस ऑपरेटरों के लिए फूड सेफ्टी और हाइजीन पर एक जागरूकता सेशन भी किया गया। पार्टिसिपेंट्स को पर्सनल हाइजीन, खाना बनाने की जगहों और बर्तनों की सफाई, खाने को सुरक्षित तरीके से संभालने और स्टोर करने, खराब होने से बचाने, पीने के साफ पानी का इस्तेमाल, वेस्ट मैनेजमेंट को असरदार तरीके से करने और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) की गाइडलाइंस का पालन करने के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई। वेंडर्स को कस्टमर्स को सुरक्षित और पौष्टिक खाना देने के लिए हाइजीन स्टैंडर्ड्स का लगातार पालन करने के लिए मोटिवेट किया गया।

### लोगों ने कहा फूड विंग की टीम भी हो साथ

फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा खाने पीने की वस्तुओं की जांच करने के समय फूड विंग की टीम भी साथ होना लाजमी किया जाए लोगों का कहना है कि रोजाना शहर के विभिन्न इलाकों से लोगों की इच्छाओं के अनुसार सैंपलिंग की जाए और इसके अलावा भी प्रोटीन सैंपलिंग के काम को ना रोका जाए उन्होंने कहा कि फूड सेफ्टी ऑन वाहिल द्वारा जांच के समय जिला स्वास्थ्य अधिकारी अथवा फूड सेफ्टी अफसर का मौके पर साथ होना सुनिश्चित किया जाए।

## सरहद पार से संचालित हथियार-नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



चंडीगढ़/अमृतसर/यूटर्न/27 जुलाई। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से संचालित अवैध हथियार और नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पांच .30 बोर पिस्तौल, 2.015 किलोग्राम हेरोइन और 5 लाख की ड्रग मनी बरामद हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान बिट्टू कुमार उर्फ भैया, साहिब सिंह, संजीव कुमार उर्फ नन्नू और संदीप कुमार उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सीमा पार से अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर के अनुसार, खुफिया सूचना पर पहले बिट्टू और साहिब सिंह को एक पिस्तौल सहित पकड़ा गया।

# २८ साल पुराने प्लॉट की फाइल में फजीर्वाड़े का शक, ग्लाडा की शिकायत पर केस दर्ज

**रसीद रजिस्टर में भुगतान की एंट्री नहीं, कथित फर्जी एनडीसी के सहारे दस्तावेज इस्तेमाल करने का आरोप**

लुधियाना।/यूटर्न/27 जुलाई। ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) में करीब 28 वर्ष पहले आवंटित किए गए एक प्लॉट की फाइल में चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आई हैं। रिकॉर्ड की जांच के दौरान कथित रूप से फर्जी नो ड्यू सर्टिफिकेट (एनडीसी) जारी किए जाने का संदेह पैदा हुआ है। इसके अलावा मूल आवंटी और मामले में नामजद व्यक्ति के नाम में भी अंतर पाया गया है।

ग्लाडा के एस्टेट अधिकारी की शिकायत पर थाना मोती नगर पुलिस ने धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार करने और उनका इस्तेमाल करने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार पुडा की स्कीम नंबर-99, सेक्टर-40 में स्थित प्लॉट नंबर 905 का आवंटन पत्र 31 मार्च




1998 को देविंदर कुमार कड्डु के नाम जारी किया गया था। हाल ही में ग्लाडा अधिकारियों ने संबंधित फाइल और पुराने रिकॉर्ड की जांच की तो कई संदिग्ध तथ्य सामने आए।

जांच में पाया गया कि जिस राशि को जमा दिखाकर प्लॉट का नो ड्यू सर्टिफिकेट जारी किया गया था, उस भुगतान की कोई एंट्री ग्लाडा के रसीद रजिस्टर में उपलब्ध नहीं है। इससे अधिकारियों को आशंका हुई कि एनडीसी कथित तौर पर जाली तरीके से तैयार की गई या नियमों को दरकिनार कर जारी की गई।

अधिकारियों के अनुसार दस्तावेजों में मूल आवंटी और बाद में सामने आए व्यक्ति के नाम में भी अंतर मिला है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि संदिग्ध एनडीसी किसने तैयार की, इसे किस स्तर पर प्रमाणित किया गया और इसका इस्तेमाल प्लॉट के हस्तांतरण या अन्य लाभ के लिए किया गया अथवा नहीं।

पुलिस का कहना है कि ग्लाडा से पूरा रिकॉर्ड मंगवाकर दस्तावेजों और हस्ताक्षरों की जांच की जाएगी। जांच में संबंधित अधिकारियों या अन्य व्यक्तियों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।




# वडिंग द्वारा सफाई सेवकों को सहायता राशि देने पर एससी कमीशन ने साधा निशाना, बोले- वडिंग से पैसे मत लेना, मांगना मंजूर

पंजाब/यूटर्न/27 जुलाई। पंजाब एससी कमीशन और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। राजा वडिंग ने बरनाला में पुलिस लाठीचार्ज में घायल हुए सफाई कर्मियों को इलाज के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी और कहा कि कांग्रेस पार्टी उनका इलाज करवाएगी। राजा वडिंग के दौरे के बाद एससी कमीशन के चेयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी भी बरनाला पहुंचे। उन्होंने सफाई कर्मियों से कहा कि वे इलाज के लिए घर-घर जाकर पैसे मांग लें, लेकिन अमरिंदर सिंह राजा वडिंग से आर्थिक मदद न लें। जसबीर सिंह गढ़ी ने




राजा वडिंग पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि सफाई कर्मियों ने आज उनसे पैसे ले लिए तो वह बाद में बूटा सिंह की तरह उनका एहसान गिनाने लगेंगे। उन्होंने सफाई सेवकों से कहा कि वडिंग की ओर से दिए गए एक लाख रुपए वापस करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनके अनुसार यह पैसा जनता का है। गढ़ी ने आरोप लगाया कि उनके पास जो सरकारी जमीन है, वह भी जनता की है।

**राजा वडिंग से पैसे न लें...**एससी कमीशन पंजाब के चेयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी बरनाला में लाठीचार्ज से घायल हुए सफाई सेवकों से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्हें जानकारी मिली कि पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान को घायल कर्मचारियों के इलाज के लिए 1 लाख रुपये दिए हैं और कहा है कि कांग्रेस पार्टी उनका इलाज करवाएगी। इस पर गढ़ी ने कहा कि सफाई सेवकों को राजा वडिंग से आर्थिक मदद लेने की जरूरत नहीं है।



# पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-11 में प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित




चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-11 चंडीगढ़ में आज नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की स्नातक छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शैक्षणिक व्यवस्था, महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सुविधाओं तथा छात्र सहायता सेवाओं से परिचित कराना था।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अनीता कौशल ने छात्राओं का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने तथा अपने सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# पंचकूला पुलिस ने अवैध हथियार के साथ युवक को दबोचा, देशी कट्टा बरामद, टेलरिंग का काम करता है युवक



पंचकूला/यूटर्न/27 जुलाई। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस जिले में अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। पुलिस टीमें न केवल अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि समय रहते कार्रवाई कर संभावित आपराधिक वारदातों को भी विफल करने में सफलता प्राप्त कर रही हैं।

इसी क्रम में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के अनुसार 26 जुलाई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ सेक्टर-19 इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2 में मौजूद है। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज प्रवीण मलिक की अगुवाई में तुरंत मौके पर दबिश दी और आरोपी को काबू कर लिया।

# आम आदमी क्लीनिक संयुक्त फ्रंट ने ओपीडी सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का किया ऐलान



लुधियाना/यूटर्न/26 जुलाई। आम आदमी क्लीनिक संयुक्त फ्रंट, पंजाब ने घोषणा की है कि पूरे राज्य के आम आदमी क्लीनिकों में सेवाएं दे रहे डॉक्टर, फार्मासिस्ट और क्लीनिकल असिस्टेंट अपनी लंबे समय से लंबित जायज मांगों के समाधान के लिए 27 जुलाई 2026 से ओपीडी सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद करेंगे।

संयुक्त फ्रंट ने कहा कि पिछले लंबे समय से सरकार और स्वास्थ्य विभाग के साथ कई बैठकें की गई तथा बार-बार आश्वासन दिए गए, लेकिन आज तक कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया, जिसके आधार पर नोटिफिकेशन जारी कर कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान किया जा सके। इसी कारण मजबूर होकर यह संघर्ष शुरू करने का फैसला लिया गया है। संयुक्त फ्रंट ने बताया कि इस संबंध में राज्य के सभी 23 जिलों के सिविल सर्जनों तथा स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक, पंजाब को भी मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह को भी 8 से 10 बार मांग पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। आज तक किसी भी मांग का समाधान अधिसूचना जारी कर नहीं किया गया।

संयुक्त फ्रंट ने कहा कि आम आदमी क्लीनिकों के डॉक्टर, फार्मासिस्ट और क्लीनिकल असिस्टेंट राज्य के लाखों लोगों को लगातार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन उनकी नौकरी की सुरक्षा, सम्मानजनक सेवा शर्तें और अन्य जायज मांगें अब भी लंबित हैं। यदि सरकार कोई समाधान नहीं निकालती, तो 27 जुलाई से आम आदमी क्लीनिकों की ओपीडी सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी।

# हर घर तिरंगा-वंदे मातरम अभियान की तैयारियां तेज, 9 से 17 अगस्त तक देशभक्ति के रंग में रंगेगा चंडीगढ़

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत इस वर्ष आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगाझ्र-वंदे मातरम के 150 वर्ष' अभियान को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों को जनभागीदारी बढ़ाने और समन्वय के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (फ्हअ), मार्केट एसोसिएशनों, युवा संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर विभाग ऐसे कार्यक्रम आयोजित करे, जिससे नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना मजबूत हो।




## 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पर विशेष फोकस

इस वर्ष का अभियान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने को समर्पित रहेगा। प्रशासन का उद्देश्य शहरभर में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन कराना और लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करना है। नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी सेल्फी आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करने और सेना व पुलिस के जवानों के नाम धन्यवाद पत्र लिखने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

## तिरंगा थीम पर सजेगा पूरा शहर

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने अभियान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, पर्यटन स्थलों और शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा। रात के समय आकर्षक रोशनी से इन्हें विशेष रूप से सजाया जाएगा। अभियान के दौरान तिरंगा रैलियां, वॉकाथॉन, साइकिल, बाइक और कार रैलियां, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिताएं, देशभक्ति प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, लेजर एवं साउंड शो, तिरंगा मेले, तिरंगा राखी निर्माण कार्यशालाएं, सेल्फी प्वाइंट और बोट रैलियों समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## 14 अगस्त को मनाया जाएगा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'

बैठक में 14 अगस्त को आयोजित होने वाले 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर टैगोर थिएटर में मुख्य कार्यक्रम होगा। इसके अलावा विभाजन पर आधारित प्रदर्शनी, डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, विरासत भ्रमण, विभाजन प्रभावित परिवारों के अनुभव साझा करने के कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कैंडल मार्च और मौन श्रद्धांजलि जैसे आयोजन किए जाएंगे। बैठक में चंडीगढ़ प्रशासन के विभिन्न विभागों के सचिवों, नगर निगम आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की।



# पंजाब में नशाखोरी से हेपेटाइटिस के मरीजों की वृद्धि का खतरा बरकरार

## हर 12 में से एक व्यक्ति हेपेटाइटिस का शिकार भारत में हर साल मरते हैं करीब 2.5 लाख लोग


अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/27 जुलाई। हर वर्ष भारत में अढ़ाई लाख लोग हैपेटाइटिस रोग का शिकार हो जाते हैं जबकि विश्व में डेढ़ मिलियन लोगों की अकाल मृत्यु का कारण हैपेटाइटिस ही है। इतने ही लोग एच.आई.वी. व एड्स का शिकार होते हैं।

उक्त जानकारी देते उत्तर भारत के प्रमुख पेट रोग के विशेषज्ञों का मानना है कि हर 12 में से एक व्यक्ति वायरल हैपेटाइटिस या हैपेटाइटिस सी से पीड़ित है, जबकि प्रतिशत लोगों में यह लक्षण दिखाई नहीं देते। यह लीवर कैंसर का मुख्य कारक है। लक्षण दिखाई न देने के कारण इसे साईलैंट किलर भी कहा जाता है।

### इलाज और देखभाल

डायरेक्ट-एक्टिंग एंटीवायरल (DAAs) नाम की सुरक्षित रोजाना ली जाने वाली गोलियों से इलाज किया जाता है ।इलाज आमतौर पर 8 से 12 हफ़्ते तक चलता है ।दवा लेने वाले 95% से ज्यादा लोगों को ठीक करता है। हेपेटाइटिस उ से बचाव के लिए कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है।




### बढ़ती नशाखोरी से पंजाब में बढ़े मरीज : विशेषज्ञ

अस्पताल में आयोजित पत्रकार सम्मेलन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि यह चिन्ता का विषय है कि विभिन्न अध्ययनों के बाद भारत में इस रोग की स्थिति काफी विकट नजर आती है, लगभग 20 मिलियन भारतीय हैपेटाइटिस कि 80 मिलियन लोगों को हैपेटाइटिस सी वायरल संक्रामण हो सकता है। अधिकतर लोगों को यह पता नहीं होगा कि इस रोग के लक्षण 10 से 20 वर्ष तक भी प्रकट नहीं होते।

### क्या है हैपेटाइटिस

हेपेटाइटिस लिवर में होने वाली सूजन है। यह हेपेटाइटिस वायरस या अन्य संक्रमणों, शराब और ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों और ऑटोइम्यून बीमारियों के कारण होती है। हेपेटाइटिस वायरस मुख्य रूप से पाँच तरह के होते हैं, जिनमें से टाइप बीऔर टाइप सीसबसे आम हैं और इनसे सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर और लंबे समय तक चलने वाली बीमारियाँ हो सकती हैं।

### समय-समय पर करायें जांच

विशेषज्ञों का कहना है कि हेपेटाइटिस से बचाव के लिए समय-समय पर जांच करानी चाहिए और हेपेटाइटिस पाए जाने पर इसका तुरंत उपचार शुरू कर देना चाहिए।

### कैसे बढ़ रहे हैं हेपेटाइटिस के मरीज

बढ़ रही नशाखोरी, इंजैक्शन द्वारा नशा लेने की आदत, शराब की बढ़ती आदत शराब के सेवन से 25 से 30 वर्ष आयु के मरीजों में भी हैपेटाईटिस वायरल का प्रकोप देखा जा सकता है। अन्य कारणों में मोटापा, शूगर भी व्यक्ति को इस रोग की ओर ले जाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती नशाखोरी से पंजाब में हैपेटाइटिस के मरीज बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि भारत हेपेटाइटिस से निपटने के अपने 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्यसेवाओं से जुड़ी बाधाओं को व्यवस्थित रूप से दूर कर रहा है। 'नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम' ने स्वास्थ्य प्रणाली दृष्टिकोण को अपनाया है और संक्रमण को रोकने तथा बीमारी से प्रभावित लोगों को मुफ़्त दवाएं और जांच जैसी सेवाएं देने के लिए इसे कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ जोड़ा है। हेपेटाइटिस उ वायरस (HCV) की वजह से होता है। यह तब फैलता है जब इन्फेक्टेड खून किसी ऐसे व्यक्ति के शरीर में चला जाता है जो बीमार नहीं है ।इसका सबसे आम कारण ड्रग्स इंजेक्ट करने के लिए सुई या टूल शेयर करना है। यह गंदे टैटू गलती से सुई लगने, या माँ से उसके बच्चे में भी फैल सकता है ।गले लगने, किस करने, खाना शेयर करने, या कैजुअल कॉन्टैक्ट से नहीं फैलता परंतु असुरक्षित यौन संबंधों से किसका खतरा कई गुना बढ़ जाता है।




## एनएचआरसी सदस्य प्रियंक कानूनगो ने बरनाला लाठीचार्ज मामले पर सरकार से मांगी रिपोर्ट

बरनाला/अमृतसर/यूटर्न/27 जुलाई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोमवार को अमृतसर दौरे के दौरान आम लोगों की शिकायतें सुनीं, जिला प्रशासन के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दौरे के दौरान प्रियंक कानूनगो ने मकबूलपुरा, अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेजेज तथा श्री राम तीर्थ में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को शीघ्र न्याय और राहत मिल सके। इसके बाद जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), पीएम विश्वकर्मा योजना, पॉक्सो मामलों की स्थिति, आयुष्मान भारत योजना, मिशन वात्सल्य, सेफ स्कूल व्हीकल योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दिव्यांगजनों के कौशल विकास कार्यक्रम, शिक्षा विभाग की योजनाओं सहित कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई।






## फिटनेस और नैचुरल ब्यूटी को लेकर चर्चा में श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिटनेस और प्राकृतिक सुंदरता को लेकर चर्चा में हैं। वह योग, डांस, कार्डियो और नियमित वर्कआउट से खुद को फिट रखती हैं। संतुलित भोजन, भरपूर पानी और पर्याप्त नींद उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। श्रद्धा का कम मेकअप और सादगी भरा अंदाज प्रशंसकों को काफी पसंद आता है। उनकी फिटनेस और ब्यूटी रूटीन युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है।



# सोनम वांगचुक, अभिजीत दीपके और कुणाल कामरा के खिलाफ FIR की मांग, चंडीगढ़ कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब



चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके और स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर चंडीगढ़ जिला अदालत का दरवाजा खटखटाया गया है। मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चंडीगढ़ पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह याचिका अधिवक्ता विभु सैनी की ओर से दायर की गई है। सोमवार को अदालत ने याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद पुलिस को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त तय की है।

याचिका में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित एक प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि इस दौरान किए गए कथित कृत्यों पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी आधार पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। हालांकि, अदालत ने फिलहाल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश नहीं दिया है और न ही किसी को दोषी माना है। कोर्ट ने केवल पुलिस से इस संबंध में जवाब मांगा है। अब पुलिस की रिपोर्ट और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत आगे का आदेश पारित करेगी। मामले पर सभी की नजरें 18 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जब अदालत पुलिस के जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई पर विचार करेगी।

# डायरी में छिपा दर्द, वीडियो बना अहम सबूत...7 जुलाई के बाद आखिर ऐसा क्या हुआ कि मोनू ने चुन ली मौत?

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। चंडीगढ़ के मौलीजागरां में युवक मोनू की आत्महत्या का मामला अब एक हाई-प्रोफाइल जांच में बदलता जा रहा है। मृतक की निजी डायरी, एक कथित वीडियो और 7 जुलाई की रहस्यमयी घटना पुलिस जांच के केंद्र में हैं। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर मौलीजागरां थाना पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर किन परिस्थितियों ने मोनू को आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर किया। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी कोमल और उसके ट्यूशन में पढ़ने वाले छात्र सन्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। एफआईआर मृतक के परिजनों की शिकायत और शुरूआती जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर दर्ज की गई है।

## मौलीजागरां पुलिस हर पहलू की कर रही जांच



### डायरी के पन्नों में दर्ज है दर्द

जांच के दौरान मौलीजागरां थाना पुलिस को मोनू के घर से एक निजी डायरी मिली है। परिजनों के मुताबिक, डायरी में 7 जुलाई की एक घटना का जिक्र करते हुए मोनू ने लिखा था कि 'मेरे साथ जो हुआ, वह किसी को बता नहीं सकता।' यह पंक्ति अब पुलिस जांच का सबसे अहम बिंदु बन गई है। परिवार का कहना है कि 7 जुलाई को मोनू अपनी छह वर्षीय बेटी से मिलने ससुराल गया था। वहां से लौटने के बाद वह बेहद खामोश रहने लगा और उसने उस दिन की घटना के बारे में किसी से कुछ नहीं बताया। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उस दिन ऐसा क्या हुआ था, जिसने उसकी मानसिक स्थिति को गहरे स्तर पर प्रभावित किया।

### वीडियो और डिजिटल साक्ष्यों की भी हो रही जांच

जांच अधिकारियों के अनुसार परिजनों ने पुलिस को एक वीडियो भी उपलब्ध कराया है, जिसकी सत्यता और परिस्थितियों की जांच की जा रही है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों के साथ-साथ कॉल डिटेल, मोबाइल डेटा और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है ताकि घटनाक्रम की पूरी तस्वीर सामने आ सके।

**घर पहुंचकर हंगामे का भी आरोप...**मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि करीब 15 दिन पहले सन्नी कुछ युवकों के साथ उनके घर आया था और वहां हंगामा किया था। परिवार का दावा है कि इस घटना के बाद से मोनू और अधिक तनाव में रहने लगा था। पुलिस इस आरोप की भी अलग से जांच कर रही है और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

**प्रेम विवाह से शुरू हुई कहानी, एफआईआर तक पहुंचा मामला...**परिवार के अनुसार मोनू और कोमल एक ही स्कूल और कॉलेज में पढ़ते थे। दोनों ने परिवार के विरोध के बावजूद प्रेम विवाह किया था। लेकिन शादी के कुछ वर्षों बाद रिश्तों में तनाव बढ़ने लगा। परिजनों का आरोप है कि कोमल के अपने ट्यूशन में पढ़ने वाले छात्र सन्नी के साथ कथित संबंध बन गए थे, जिससे मोनू मानसिक रूप से परेशान रहने लगा।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को बड़ी राहत की तैयारी, गवर्नर की मंजूरी मिलते ही सरकार से होगा सीधा कॉन्ट्रैक्ट

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जुलाई। पंजाब के हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों को जल्द बड़ी राहत मिल सकती है। भगवंत मान सरकार ने गवर्नर गुलाब चंद कटारिया से 'पंजाब स्टेट आउटसोर्स्ड पर्सनेल ट्रांजिशन टू कॉन्ट्रैक्टुअल एंगेजमेंट ऑर्डिनेंस-2026' को तत्काल मंजूरी देने का आग्रह किया है। सरकार का कहना है कि अध्यादेश लागू होते ही आउटसोर्स कर्मचारियों का ठेकेदारों पर निर्भरता खत्म होगी और वे सीधे राज्य सरकार के साथ अनुबंध पर काम कर सकेंगे। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह अध्यादेश 13 जुलाई को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूर किया जा चुका है।












Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372